महत्वपूर्ण / बजट 2027-2028

संख्या:20/2026/बी-1-1610/दस-2026-15/2003

प्रेषक,

दीपक कुमार,
अपर मुख्य सचिव, वित्त एवं वित्त आयुक्त,
उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवा में,

1- समस्त अपर मुख्य सचिव / प्रमुख सचिव / सचिव, उत्तर प्रदेश शासन ।
2- समस्त विभागाध्यक्ष एवं प्रमुख कार्यालयाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश ।

वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 लखनऊ: दिनाँक : 01 सितम्बर, 2026

विषय: वित्तीय वर्ष 2027-2028 से मानक मदों (Object Heads) की नई व्यवस्था लागू किये जाने के सम्बन्ध में ।

महोदय,

भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा वित्तीय वर्ष 2027-2028 से केन्द्र सरकार एवं सभी राज्यों में व्यय की मानक मदों की एक समान व्यवस्था लागू किये जाने के सम्बन्ध में जारी कार्यालय-ज्ञाप दिनाँक 11 नवम्बर, 2025 के क्रम में महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), प्रयागराज द्वारा अपने अर्द्धशासकीय पत्र दिनाँक 08 दिसम्बर, 2025 के माध्यम से प्रदेश में वित्तीय वर्ष 2027-2028 से मानक मदों की नई व्यवस्था लागू किये जाने की अपेक्षा की गयी है।

2- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), प्रयागराज द्वारा की गयी अपेक्षा के क्रम में राज्य सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2027-2028 से व्यय की मानक मदों की नई व्यवस्था लागू किये जाने का निर्णय लिया गया है।

3- उक्त के सम्बन्ध में, वर्तमान में प्रचलित मानक मद एवं नये मानक मदों की मैपिंग तथा नये मानक मदों के सम्बन्ध में महालेखाकार की टिप्पणी को समाहित करते हुये नये मानक मदों की सूची (हिन्दी एवं अंग्रेजी में) इस पत्र के साथ संलग्न करते हुये मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2027-2028 के आय-व्ययक में नये मानक मदों का उपयोग सुनिश्चित किया जाय ।

संलग्नक: यथोपरि ।

भवदीय,

दीपक कुमार
अपर मुख्य सचिव, वित्त एवं वित्त आयुक्त।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट https://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

https://shasanadesh.up.gov.in

संख्या:20/2026/बी-1-1610(1)/दस-2026-15/2003, तद्दिनाँक।

प्रतिलिपि, निम्नलिखित को सूचना एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित -

1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
2. प्रधान महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम / द्वितीय, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
3. वरिष्ठ उप महालेखाकार, राजकोष एवं वी.एल.सी., उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
4. प्रमुख सचिव, श्री राज्यपाल, उत्तर प्रदेश।
5. प्रमुख सचिव, विधान परिषद्/विधान सभा सचिवालय, उत्तर प्रदेश।
6. प्रमुख सचिव, नियोजन विभाग (राज्य योजना आयोग) अनुभाग-1, उ.प्र. शासन।
7. निदेशक, कोषागार, उत्तर प्रदेश, जवाहर भवन, लखनऊ।
8. निदेशक, वित्तीय सांख्यिकी निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ।
9. समस्त वित्त नियंत्रक / मुख्य / वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
10. वित्त विभाग के समस्त व्यय-नियंत्रण अनुभाग तथा उनसे सम्बद्ध अधिकारी।
11. सचिवालय के समस्त अनुभाग।
12. विभागीय पत्रावली।

आज्ञा से,

आलोक दीक्षित
विशेष सचिव।

https://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट https://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

संख्या : 20/2026/बी–1–1610/दस–2026–15/2003, दिनाँक 01 सितम्बर, 2026 का संलग्नक

(क) राजस्व व्यय { (A) Revenue Expenditure }

उद्देश्य–श्रेणी–I (कर्मचारियों को प्रतिकर) (Object Class I - Compensation to Employees)

क्र. सं.	नया मानक मद (New Standard Object Heads)				वर्तमान मानक मद	मैप किये गये वर्तमान मानक मद	मैप किये गये मानक मदों पर महालेखाकार की टिप्पणी
1.	01–वेतन	इसमें एफ.आर. 9(21) के अधीन यथा–परिभाषित सरकारी कर्मचारियों का वेतन, मानदेय और इंटर्न वृत्तिका शामिल होगी । इसमें राज्यों के प्रमुखों तथा अन्य उच्च गणमान्य व्यक्तियों की परिलब्धियाँ और भत्ते, सत्कार भत्ता तथा विभागीय कैंटीन के कर्मचारियों को देय वेतन और एलटीसी छुट्टी का नकद भुगतान शामिल होगा ।	01- Salaries	It will include pay of the Government employees as defined under FR 9(21) / relevant rules, honorarium to Government Servant and stipend to interns. It will also include expenditure on emoluments and allowances of Heads of States and other high dignitaries including sumptuary allowance, salary payable to the staff of departmental canteens and leave encashment on LTC.	01–वेतन	01-"वेतन" (Partial) 07-"मानदेय" (Full) 45-"अवकाश यात्रा व्यय" (Partial)	01-"वेतन" 45-"अवकाश यात्रा व्यय" मे केवल अवकाश नकदीकरण से सम्बन्धित प्रावधान शामिल करें । 07- "मानदेय" नोट:-राज्य के उद्देश्य शीर्ष 01-"वेतन" के अन्तर्गत बोनस से सम्बन्धित प्रावधान सी.ए.जी. कार्यालय द्वारा प्रेषित मानकीकृत उद्देश्य शीर्ष 05-"पुरस्कार" में शामिल करें ।
2.	02–मजदूरी	इसमें मजदूरों और कर्मचारियों की वर्तमान में आकस्मिक रूप से भुगतान की जाने वाली मजदूरी शामिल होगी ।	02- Wages	It will include wages of Labourers and of Staff at present paid out of contingencies.	02–मजदूरी	02-"मजदूरी" (Full)	02-"मजदूरी"
3.	03–मंहगाई भत्ता (DA)	इसमें वेतन और सैलरी पर मंहगाई भत्ता (DA) शामिल होगा ।	03- Dearness Allowance (DA)	It will include Dearness Allowance (DA) on pay and salaries.	03–मंहगाई भत्ता	03-"महंगाई भत्ता (डीए)" (Full) 50- "महंगाई वेतन" (Full)	03-"महंगाई भत्ता (डीए)" 50- "महंगाई वेतन"
4.	05–पुरस्कार	इसमें सरकारी कर्मचारियों को उनके वेतन और भत्ते के अतिरिक्त योजना के अधीन प्राप्त होने वाले पुरस्कार शामिल होंगे । इसमें बोनस तथा हिन्दी प्रतियोगिता, आदि के नकद पुरस्कार भी शामिल होंगे ।	05- Rewards	It will include rewards under a scheme given to the Government employees in addition to their pay and allowances. It will also include payment of bonus and cash awards for Hindi Pratiyogita, etc.	42–अन्य व्यय	42-"अन्य व्यय" (Partial) 01-"वेतन" (Partial)	42-"अन्य व्यय" (शासकीय कर्मचारी को दिये जाने वाले नकद पुरस्कार से सम्बन्धित प्रावधान शामिल करें) नोट : उद्देश्य शीर्ष 01-"वेतन" में बोनस से सम्बन्धित धनराशि भी इस मानकीकृत उद्देश्य शीर्ष के अन्तर्गत प्रावधानित करें ।
5.	06–चिकित्सा उपचार	इसमें सरकारी कर्मचारियों / पेंशनरों की चिकित्सा प्रतिपूर्ति / उपचार के लिये भुगतान की गयी रकम शामिल होगी ।	06- Medical Treatment	It will include amount paid towards medical reimbursements / treatment of the Government employees/ Pensioners.	49–चिकित्सा व्यय	49-"चिकित्सा व्यय" (Full)	49-"चिकित्सा व्यय"

क्र. सं.	नया मानक मद (New Standard Object Heads)				वर्तमान मानक मद	मैप किये गये वर्तमान मानक मद	मैप किये गये मानक मदों पर महालेखाकार की टिप्पणी
6.	07–भत्ते	इसमें यथा – अनुप्रयोज्य मंहगाई भत्ता, आवास किराया भत्ता, परिवहन भत्ता, विदेश भत्ता, नॉन प्रैक्टिसिंग भत्ता, प्रतिनियुक्ति (ड्यूटी) भत्ता, व्यक्तिगत वेतन, परिवार नियोजन भत्ता, विशेष प्रतिकर (पहाड़ी क्षेत्र) भत्ता, जनजातीय क्षेत्र भत्ता, कठिन क्षेत्र भत्ता, मुख्यालय भत्ता, समयोपरि भत्ता, बाल शिक्षा भत्ता, ट्यूशन फीस की प्रतिपूर्ति, राशन भत्ता, नकद में दिये जाने वाले राशन की लागत, निर्वाचन क्षेत्र भत्ता, वर्दी और वस्त्र भत्ता, मनोरंजन भत्ता, परियोजना भत्ता, विशेष प्रतिकर (दूरस्थ स्थल) भत्ता, खराब जलवायु भत्ता, धुलाई भत्ता, विशेष (ड्यूटी) भत्ता, रात्रि ड्यूटी भत्ता, जोखिम भत्ता, सुंदरबन भत्ता, नकद रख–रखाव भत्ता, देखभाल भत्ता, स्पिलिट ड्यूटी भत्ता और उपर्युक्त के अतिरिक्त अन्य कोई भत्ता जो सरकारी कर्मचारियों को उनके वेतन के अतिरिक्त देय हो ।	07- Allowances	It will include as applicable the ~~Dearness Allowance~~, House Rent Allowance, Transport Allowance, Foreign Allowance, Non Practicing Allowance, Deputation (Duty) Allowance, Personal Pay, Family Planning Allowance, Special Compensatory (Hill Areas) Allowance, Tribal Area Allowance, Hard Area Allowance, Headquarter Allowance, Overtime Allowance, Children Education Allowance, Reimbursement of Tuition Fee, Ration Allowance, Cost of Ration given in cash, Constituency Allowance, Uniform and Clothing Allowance, Entertainment Allowance, Project Allowance, Special Compensatory (Remote Locality) Allowance, Bad Climate Allowance, Washing Allowance, Special (Duty) Allowance, Night Duty Allowance, Risk Allowance, Sundarban Allowance, Cash Handling Allowance, Caretaking Allowance, Split Duty Allowance. Any other allowances, in addition to the above, which is payable to the Government employees in addition to their pay or is specific to the State.	06–अन्य भत्ते	06–"अन्य भत्ते (Full) 55–"मकान किराया भत्ता" (Full) 57–"प्रैक्टिस बंदी भत्ता" (Full) 38–"अन्तरिम सहायता" (Full) 51–"वर्दी व्यय" (Partial) 22–"आतिथ्य व्यय / व्यय विषयक भत्ता आदि" (Partial)	06–"अन्य भत्ते" 55–"मकान किराया भत्ता" 57–"प्रैक्टिस बंदी भत्ता" 38–"अन्तरिम सहायता" राज्य के उद्देश्य शीर्ष 51–"वर्दी व्यय" में कर्मचारियों को दिये जाने वाले uniform / clothing Allowance शामिल करें । राज्य के उद्देश्य शीर्ष 22–"आतिथ्य व्यय/व्यय विषयक भत्ता आदि" के अन्तर्गत दिये गये मनोरंजन भत्ते को भी शामिल करें । नोट : "मंहगाई भत्ता" इसमें शामिल नहीं किया जाना है ।
7.	08–छुट्टी यात्रा रियायत (एल.टी.सी.)	इसमें एल.टी.सी. नियम की हकदारी के अधीन परिवहन के अन्य किसी साधन का किराया / हवाई / रेल / बस किराया शामिल होगा ।	08- Leave Travel Concession	It will include Air/Rail/Bus Fare/fare of any other mode of transport entitled under LTC Rule.	45–अवकाश यात्रा	45–"अवकाश यात्रा" (Full)	45–"अवकाश यात्रा" नोट : एल.टी.सी. हेतु अवकाश यात्रा नकदीकरण शामिल न करें ।
8.	09–प्रशिक्षण व्यय	इसमें प्रशिक्षण पर किया गया व्यय शामिल होगा, जैसे संदत्त फीस और प्रशिक्षण / कार्यशालाओं में भाग लेने के लिये आकस्मिक खर्च सामग्री, आदि शामिल होंगे, परन्तु इसमें घरेलू या विदेश यात्रा खर्च, पर किया गया खर्च शामिल नहीं होगा ।	09- Training Expenses	It will include expenditure on cost of training such as fees paid, contingencies, materials, etc., for participating in the training, workshops but exclude expenditure on domestic or foreign travel expenses.	44–प्रशिक्षण हेतु यात्रा एवं अन्य प्रासंगिक व्यय	44–"प्रशिक्षण हेतु यात्रा एवं अन्य प्रासंगिक व्यय" (Partial)	44–प्रशिक्षण हेतु यात्रा एवं अन्य प्रासंगिक व्यय नोट : राज्य के उद्देश्य शीर्ष 44–"प्रशिक्षण हेतु किये गये घरेलू यात्रा व्यय" को सी.ए.जी. कार्यालय द्वारा मानकीकृत उद्देश्य शीर्ष 11–"घरेलू यात्रा खर्च" एवं विदेश यात्रा हेतु उद्देश्य शीर्ष 12–"विदेश यात्रा खर्च" का प्रयोग करें ।

क्र. सं.	नया मानक मद (New Standard Object Heads)				वर्तमान मानक मद	मैप किये गये वर्तमान मानक मद	मैप किये गये मानक मदों पर महालेखाकार की टिप्पणी
(क) राजस्व व्यय { (A) Revenue Expenditure }							
उद्देश्य श्रेणी–II (कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षा) (Object Class II - Social Security of Employees)							
9.	04–पेंशन प्रभार	इसमें सरकारी कर्मचारियों, संसद सदस्यों, स्वतंत्रता सेनानियों आदि को देय पेंशन और सभी प्रकार के उपदान के भुगतान आदि सहित सभी पेंशनिक फायदे शामिल होंगे । इसमें सेवा निधि अंशदान और अंशदायी भविष्य निधि में किया गया अंशदान, सेवानिवृत्ति या मृत्यु, सेवा समाप्ति, आदि के समय छुट्टी के बदले नकद भुगतान भी शामिल होंगे । इसमें सरकारी कर्मचारियों के लिये राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एन.पी.एस.) / एकीकृत पेंशन (यू. पी.एस.) के अधीन देय सरकार का योगदान भी शामिल होगा । तथापि, इसमें सामाजिक सुरक्षा व्यय जैसे वृद्धावस्था पेंशन और गैर–सरकारी व्यक्तियों को दिये जाने वाले इसी तरह के अन्य ट्रांसफर और लाभ शामिल नहीं होंगे ।	04- Pensionary Charges	It will include all pensionary benefits including payment of pensions and gratuity in all forms to the Government employees, Members of Parliament / Assembly, etc. It will also include contributions to service funds and contributory provident funds and payment of leave encashment at the time of retirement or death, termination of service, etc. It will also include Government's contribution payable under National Pension System (NPS) / Unified Pension Scheme (UPS) for Government employees. This will, however, not include social security expenditure such as old age pension and other such transfers and benefits to nongovernment persons.	33–पेंशन / आनुतोषिक / अन्य सेवानिवृत्ति हित लाभ 54-पेंशन अवशेषों का भुगतान	33–"पेंशन / आनुतोषिक / अन्य सेवानिवृत्ति हित लाभ" (Full) 54-"पेंशन अवशेषों का भुगतान" (Full) 59-"एकमुश्त नियोक्ता अंशदान / नियोक्ता एवं अभिदाता अंशदान पर ब्याज" (Full)	33–"पेंशन / आनुतोषिक / अन्य सेवानिवृत्ति हित लाभ" 54-"पेंशन अवशेषों का भुगतान" 59-"एकमुश्त नियोक्ता अंशदान / नियोक्ता एवं अभिदाता अंशदान पर ब्याज"

क्र. सं.	नया मानक मद (New Standard Object Heads)				वर्तमान मानक मद	मैप किये गये वर्तमान मानक मद	मैप किये गये मानक मदों पर महालेखाकार की टिप्पणी
(क) राजस्व व्यय { (A) Revenue Expenditure }							
उद्देश्य–श्रेणी–III (वस्तु और सेवाएँ) (Object Class III - Goods and Servicves)							
10.	10–आउटसोर्सिंग / संविदात्मक सेवाएं	इसमें आउटसोर्स की गयी सुरक्षा, ऑफिस, अटेंडेंट, ऑफिस असिस्टेंट / डेटा एंट्री ऑपरेटर (DEO), हाउसकीपिंग और नॉन–स्टाफ कर्मियों से जुड़े सभी खर्चे शामिल होंगे, जिन्हें "प्रोफेशनल सर्विसेज़" (पेशेवर सेवायें) वाले हेड में शामिल खर्चों के अलावा, किसी खास मकसद के लिये कॉन्ट्रैक्ट पर तैनात किया गया हो ।	10- Outsourcing / Contractual Services	It will include all the expenses related to outsourced security, office attendants, office assistants / data entry operators (DEO), housekeeping and non-staff personnel, deployed for specific purpose on contract other than those included in the Object Head - "Professional Services".	58– आउट सोर्सिंग सेवाओं हेतु भुगतान	58–"आउट सोर्सिंग सेवाओं हेतु भुगतान" (Full)	58–"आउट सोर्सिंग सेवाओं हेतु भुगतान"
11.	11–घरेलू यात्रा खर्च	इसमें सरकारी कर्मचारियों के भारत में सरकारी दौरों और स्थानान्तरण पर यात्रा व्यय शामिल होगा । इसमें भारत में यात्रा के लिये गैर–सरकारी सदस्यों का टी.ए. / डी.ए. पर होने वाला व्यय भी शामिल होगा । इसमें सेवानिवृत्ति के समय पेंशनभोगियों को देय स्थानान्तरण टी.ए. भी शामिल होगा ।	11- Domestic Travel Expenses	It will include travel expenses on official tours and transfers of the Government employees within India. This will also include expenditure on TA/DA to Non-Official Members on account of travel in India. It will also include transfer TA payable to pensioners at the time of retirement.	04–यात्रा व्यय 05–स्थानान्तरण यात्रा व्यय	04–"यात्रा व्यय" (Full) 05–"स्थानान्तरण यात्रा व्यय" (Full) 44–"प्रशिक्षण हेतु यात्रा एवं अन्य प्रासंगिक व्यय" (Partial)	04–"यात्रा व्यय" 05–"स्थानान्तरण यात्रा व्यय" नोट : राज्य के उद्देश्य शीर्ष 44 में प्रशिक्षण हेतु किये गये घरेलू यात्रा व्यय इसमें शामिल करें ।
12.	12–विदेश यात्रा का खर्च	इसमें सरकारी कर्मचारियों के भारत के बाहर सरकारी दौरों और स्थानान्तरण पर होने वाला खर्च शामिल होगा । इसमें भारत के बाहर सरकारी दौरों पर गैर–सरकारी सदस्यों का टी.ए. / डी.ए. पर होने वाला व्यय भी शामिल होगा ।	12- Foreign Travel Expenses	It will include expenses on official tours and transfers of the Government employees outside India. This will also include expenditure on TA/DA to Non-Official Members going on official tour abroad.	04–यात्रा व्यय	04–"यात्रा व्यय" (Full) 44–"प्रशिक्षण हेतु यात्रा एवं अन्य प्रासंगिक व्यय" (Partial)	04–"यात्रा व्यय" नोट : केवल विदेश यात्रा से सम्बन्धित व्यय एवं राज्य के उद्देश्य शीर्ष 44 में प्रशिक्षण हेतु किये गये विदेश यात्रा व्यय इसमें शामिल करें ।

क्र. सं.	नया मानक मद (New Standard Object Heads)				वर्तमान मानक मद	मैप किये गये वर्तमान मानक मद	मैप किये गये मानक मदों पर महालेखाकार की टिप्पणी
13.	13–कार्यालय व्यय	इसमें कार्यालय स्थापना के रखरखाव के लिये किये जाने वाले सभी आवर्ती और गैर आवर्ती आकस्मिक व्यय जैसे स्टेशनरी, डाक प्रभार, कूरियर प्रभार, टेलीफोन प्रभार, इन्टरनेट प्रभार, केबल कनेक्शन प्रभार, प्रशासनिक भवन / सचिवालय का बिजली प्रभार, जल प्रभार, सेवा करार, वर्दी / यूनिफार्म, गर्म और सर्द मौसम प्रभार, कीटनाशक नियंत्रण, रिफ्रेशमेन्ट, पुस्तकें और पत्रिकायें, उपहार व्यय, जिसमें विदेशी शिष्टमंडल का आतिथ्य, आदर–सत्कार एवं स्मृति चिह्न और कार्यालय द्वारा आयोजित सम्मेलन / कार्यशाला / बैठकें शामिल होंगी तथा साथ ही अध्ययन सामग्री / किट, जलपान, अध्ययन दौरे आदि से सम्बन्धित सभी व्यय शामिल होंगे । इसमें कार्यालय उपस्कर, फर्नीचर और फिक्स्चर की खरीद भी शामिल होंगे जो सरकार द्वारा समय–समय पर यथाविनिश्चित सीमा (एक लाख रुपये या तीन वर्ष की उपयोगी जीवन का उपयोग समय, दोनों में से कोई एक) से अधिक न हो । कार्यालय उपकरण तथा फर्नीचर और फिक्स्चर, जिनकी लागत सरकार द्वारा समय–समय	13- Office Expenses	It will include all recurring and non-recurring contingent expenses incurred for the maintenance of office establishment such as stationery, postage charges, courier charges, telephone charges, internet charges, cable connection charges, electricity charges for Administrative building / Secretariats, water charges, service agreements, liveries / uniforms, hot and cold weather charges, pest control, refreshment, books and periodicals, hospitality expenses including entertainment of foreign delegates, gifts and souvenirs and conferences / seminars / workshops / meetings convened by office including all related expenses on study material / kits, refreshments, study tours, etc. It will also include purchase of office equipment, furniture and fixtures not exceeding the threshold limit of one lakh rupees or three years of useful life, either of the two, as decided by the Government from time to time.	08–कार्यालय व्यय 09–विद्युत देय 10–जलकर/जलप्रभार 12–कार्यालय फर्नीचर एवं उपकरण 13–टेलीफोन पर व्यय 22–आतिथ्य व्यय / व्यय विषयक भत्ता आदि	08–"कार्यालय व्यय" (Partial) 09–"विद्युत देय" (Full) 10–"जलकर/जलप्रभार" (Full) 12–"कार्यालय फर्नीचर एवं उपकरण" (Partial) 13–"टेलीफोन पर व्यय" (Full) 22–"आतिथ्य व्यय / व्यय विषयक भत्ता आदि" (Partial)	08–"कार्यालय व्यय" 09–"विद्युत देय" 10–"जलकर/जलप्रभार" 12–"कार्यालय फर्नीचर एवं उपकरण" 13–"टेलीफोन पर व्यय" 22–"आतिथ्य व्यय / व्यय विषयक भत्ता आदि" नोट : राज्य के उद्देश्य शीर्ष 08–"कार्यालय व्यय" में मशीनों / उपकरणों के अनुरक्षण से सम्बन्धित व्यय को मानकीकृत उद्देश्य शीर्ष 29–"मरम्मत और रख–रखाव" के अन्तर्गत प्रावधानित करें । राज्य के उद्देश्य शीर्ष 08–"कार्यालय व्यय" में जनरेटर के डीज़ल पर व्यय को मानकीकृत उद्देश्य शीर्ष 24–"ईंधन और स्नेहक" के अन्तर्गत प्रावधानित करें ।
		पर निर्धारित सीमा से अधिक हो, उन्हें सम्बन्धित वस्तु शीर्ष "मशीनरी और उपकरण" तथा "फर्नीचर और फिक्स्चर" के अन्तर्गत "पूंजीगत" व्यय के रूप में वर्गीकृत किया जाना चाहिए । वाहनों की खरीद, चाहे उनका उपयोग कार्यालय के लिये हो या अन्य किसी प्रयोजन के लिये, उन्हें सम्बन्धित पूंजीगत वस्तु शीर्ष "मोटर वाहन" के अन्तर्गत पूंजीगत व्यय के रूप में वर्गीकृत किया जाना चाहिए ।		The office equipment and furniture and fixtures exceeding the threshold limit as decided by the Government from time to time should be classified as 'capital' expenditure under the relevant Object Head 'Machinery and Equipment' and 'Furniture and Fixtures'.			राज्य के उद्देश्य शीर्ष 22–आतिथ्य व्यय / व्यय विषयक भत्ता आदि में मनोरंजन भत्ते से सम्बन्धित व्यय को मानकीकृत उद्देश्य शीर्ष 07–"भत्ते" के अन्तर्गत प्रावधानित करें । व्यय, विनिश्चित सीमा (एक लाख रुपये या तीन वर्ष की उपयोगिता अवधि, दोनों में से कोई एक) से अधिक होने पर सन्दर्भित विवरण के अनुसार सी.ए.जी. कार्यालय द्वारा प्रेषित मानकीकृत पूंजीगत उद्देश्य शीर्ष 52–"उपस्कर और औजार", 71–"सूचना कम्प्यूटर, दूरसंचार (आई.सी.टी.) उपस्कर", 74–"फर्नीचर और फिक्सचर" के अन्तर्गत प्रावधानित करें ।

क्र. सं.	नया मानक मद (New Standard Object Heads)				वर्तमान मानक मद	मैप किये गये वर्तमान मानक मद	मैप किये गये मानक मदों पर महालेखाकार की टिप्पणी
14.	14–भूमि और भवनों के लिये किराया, दरें और कर	इसमें भवनों (भवनों से भिन्न गैर–आवासीय या आवासीय या अन्य संरचनाओं) के किराए, नगरपालिका दरें और कर तथा किराये पर ली गयी भूमि और भवनों के लिये पट्टा प्रभार, जिसका स्वामित्व सरकार की अन्तरणीय नहीं है, का व्यय शामिल होगा तथापि, भूमि और भवनों के लिये पट्टा प्रभार, जिसका स्वामित्व सरकार को अन्तरणीय है, को 'भूमि' ओर 'भवन एवं संरचनायें' नामक सुसंगत वस्तु शीर्षों के अन्तर्गत 'पूंजीगत व्यय" के रूप में वर्गीकृत किया जायेगा ।	14- Rent, Rates and Taxes for Land and Buildings	It will include expenditure on rent for buildings (non-residential or residential or structures other than buildings), municipal rates and taxes and lease charges for rented land and buildings, the ownership of which is not transferable to Government. However, lease charges for land and buildings, the ownership of which is transferable to Government, will be classified as 'capital' expenditure under the relevant Object Heads 'Land' and 'Buildings and Structures'.	17–किराया, उपशुल्क और कर स्वामिस्व	17–"किराया, उपशुल्क और कर स्वामिस्व" (Partial)	17–"किराया, उपशुल्क और कर स्वामिस्व" नोट : भूमि के पट्टे से सम्बन्धित व्यय (यदि स्वामित्व, सरकार को स्थानान्तरित किया जाना हो) को सी.ए.जी. कार्यालय द्वारा प्रेषित मानकीकृत उद्देश्य शीर्ष 78–"भूमि" अथवा 72–"भवन और संरचनायें" के अन्तर्गत प्रावधानित करें ।
15.	15–रॉयल्टी	इसमें पेटेंट, डिजाइन, ट्रेडमार्क, प्रिन्ट, प्रकाशन, संगीत आदि की रॉयल्टी पर व्यय शामिल होगा ।	15- Royalty	It will include expenses on royalties on Patents, Designs, Trademarks, print, publishing, music etc.	17–किराया, उपशुल्क और कर स्वामिस्व		राज्य के उद्देश्य शीर्ष 17–"किराया, उपशुल्क और कर स्वामित्व" का प्रयोग इस मानकीकृत उद्देश्य शीर्ष में उचित प्रतीत नहीं होता है, इसमें सन्दर्भित विवरण के आधार पर प्रयोग करें ।
16.	16–मुद्रण और प्रकाशन	इसमें कीमती सामान, लेखापरीक्षा और लेखा रिपोर्टों, फॉर्म, स्टेशनरी, कार्यालय कोड, मैनुअल और अन्य दस्तावेज, ई–बुक्स, ई–मैगजीन, डिजिटल छपाई, पेन ड्राइव, सीडी आदि सहित समाचार–पत्र और मैगजीन की छपाई पर होने वाला व्यय शामिल होगा, परन्तु इसमें प्रचार सम्बन्धी सामग्री की छपाई पर व्यय शामिल नहीं होगा, जिसे विज्ञापन और प्रचार के अधीन वर्गीकृत किया जायेगा ।	16- Printing and Publication	It will include expenses on printing of valuables, printing of audit and accounts reports, forms, stationery, office codes, manuals and other documents, newspaper and magazines including e-books, e-magazines digital printing, pen drive, CD, any other storage media for dissemination of digital documents, etc., but exclude expenses on printing of publicity material which shall be classified under Advertising and Publicity.	11–लेखन सामग्री और फार्मों की छपाई 18-प्रकाशन	11–"लेखन सामग्री और फार्मों की छपाई" (Full) 18-"प्रकाशन" (Full)	11–"लेखन सामग्री और फार्मों की छपाई" 18-"प्रकाशन" नोट : सामान्यतः कार्यालय में उपयोगार्थ लेखन सामग्री हेतु सी.ए.जी. कार्यालय द्वारा प्रेषित मानकीकृत उद्देश्य शीर्ष 13–कार्यालय व्यय में प्रावधान करें ।

क्र. सं.	नया मानक मद (New Standard Object Heads)				वर्तमान मानक मद	मैप किये गये वर्तमान मानक मद	मैप किये गये मानक मदों पर महालेखाकार की टिप्पणी
17.	18–अन्यों के लिये किराया	इसमें उपस्कर और अन्य विभिन्न मदों जैसे कार्यालय उपस्कर, परिवहन, कम्प्यूटर और सहायक उपस्कर, संचार उपस्कर, एयर–कंडीशनिंग, हीटिंग और रेफ्रिजरेटिंग उपस्कर, सुरक्षा उपस्कर, प्रसारण और रिकार्डिंग उपस्कर, निर्माण उपस्कर, कृषि उपस्कर, बागवानी उपस्कर, चिकित्सा उपस्कर, फर्नीचर और फिक्स्चर को किराये पर लेने सम्बन्धी व्यय शामिल होंगे । इसमें उपस्कर और अन्य मदों के लिये पट्टा प्रभार भी शामिल होगा, जिसका स्वामित्व सरकार की अन्तरणीय नहीं है । तथापि, उपस्कर और अन्य मदों के लिये पट्टा प्रभार, जिसका स्वामित्व सरकार को अन्तरणीय है, को सम्बन्धित वस्तु शीर्षों के अधीन 'पूंजीगत व्यय' के रूप में वर्गीकृत किया जायेगा । इसमें सम्मेलन / कार्यशाला / संगोष्ठी / कॉन्क्लेव / बैठकों आदि के लिये कार्यालय द्वारा वहन किया जाने वाला स्थान का किराया भी शामिल होगा, सिवाय उनके जो घरेलू यात्रा और विदेशी यात्रा खर्च के वस्तु शीर्षों में शामिल है ।	18- Rent for others	It will include expenses on rent for equipment and other various items like Office Equipment, Transport, Computer and Ancillary Equipment, Communication Equipment, air-conditioning, heating and refrigerating equipment, security equipment, broadcasting and recording equipment construction equipment, agricultural equipment, horticultural equipment, medical equipment, furniture and fixtures. It will also include lease charges for equipment and other items, the ownership of which is not transferable to Government. However, lease charges for equipment and other items, the ownership of which is transferable to Government will be classified as 'capital' expenditure under the relevant Object Heads. This will also include rent to be borne by the office on venue for conferences / workshops / seminars / conclaves / meetings, etc other than those included in the object heads domestic travel and foreign travel expenses.		17– "किराया, उपशुल्क और कर स्वामित्व" (Full)	उपकरणों एवं वर्कशॉप आदि के लिये स्थानों से सम्बन्धित किराया व्यय प्रावधानित करें यदि स्वामित्व सरकार को स्थानान्तरित न किया जाना हो ।

क्र. सं.	नया मानक मद (New Standard Object Heads)				वर्तमान मानक मद	मैप किये गये वर्तमान मानक मद	मैप किये गये मानक मदों पर महालेखाकार की टिप्पणी
18.	19–डिजिटल उपकरण	इसमें हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर की खरीद / विकास पर होने वाले वे व्यय शामिल होंगे, जिन्हें राजस्व व्यय के रूप में वर्गीकृत किया जायेगा, जहाँ किसी व्यक्तिगत मद की लागत सरकार द्वारा समय–समय पर निर्धारित सीमा (एक लाख रुपये या तीन वर्ष का उपयोगी जीवन, दोनों में से कोई एक) से अधिक न हो । तथापि, यह सीमा प्रिन्टर के टोनर और कार्टेज जैसी उपभोग्य सामग्रियों पर लागू नहीं होगी । इन्हें इस शीर्ष के अन्तर्गत राजस्व व्यय में वर्गीकृत किया जायेगा ।	19- Digital Equipment	It will include expenses to be classified as Revenue Expenditure on procurement / development of hardware and software where the cost of individual item does not exceed the threshold limit of one lakh rupees or three years of useful life, either of the two as decided by the Government from time to time. The threshold limit will, however, not apply to the consumables like toner and cartridge for printer. They shall be classified under revenue expenditure under this head.	46–कम्प्यूटर हार्डवेयर / सॉफ्टवेयर का क्रय 47–कम्प्यूटर अनुरक्षण / तत्सम्बन्धी स्टेशनरी का क्रय	46–"कम्प्यूटर हार्डवेयर / सॉफ्टवेयर का क्रय" (Partial)	46–"कम्प्यूटर हार्डवेयर / सॉफ्टवेयर का क्रय" नोट : राज्य के उद्देश्य शीर्ष 47 में कम्प्यूटर अनुरक्षण हेतु मानकीकृत उद्देश्य शीर्ष 29–"मरम्मत और रख–रखाव" के अन्तर्गत प्रावधान करें । कम्प्यूटर स्टेशनरी से सम्बन्धित राजस्व व्यय, विनिश्चित सीमा (एक लाख रुपये या तीन वर्ष की उपयोगिता अवधि, दोनों में से कोई एक) से अधिक न होने पर सन्दर्भित विवरण के अनुसार सी.ए.जी. कार्यालय द्वारा प्रेषित मानकीकृत उद्देश्य शीर्ष 13–"कार्यालय व्यय" में एवं पूंजीगत व्यय विनिश्चित सीमा (एक लाख रुपये या तीन वर्ष की उपयोगिता अवधि, दोनों में से कोई एक) से अधिक होने पर मानकीकृत उद्देश्य शीर्ष 71–"सूचना, कम्प्यूटर, दूरसंचार (आई.सी.टी.) उपस्कर" में प्रावधानित करें ।
19.	21–सामग्री एवं आपूर्तियों	इसमें विभिन्न प्रकार की आपूर्तियों, सामग्री और भण्डार, आदि, चिकित्सा आपूर्तियाँ, कृषि आपूर्तियाँ, पशुधन आपूर्तियाँ, सफाई सामग्रियाँ, अस्पताल औषधियाँ और दवाएं, पशु औषधि, रसायन तथा उर्वरक, प्रयोगशाला आपूर्तियाँ, अतिरिक्त पुर्जे, कपड़े और तम्बू पर खर्च शामिल होंगे ।	21- Materials and Supplies	It will include expenses on various kinds of supplies, materials and stores etc. such as Medical Supplies, Educational Supplies, Agricultural Supplies, Livestock Supplies, Cleaning Materials, Hospital Drugs and Medicines, Veterinary Drugs, Chemicals and Fertilizers, Lab Supplies, Spare Parts, Clothing and Tentage.	43–सामग्री एवं सम्पूर्ति	43–"सामग्री एवं सम्पूर्ति" (Partial) 39-"औषधि तथा रसायन" (Full) 40-"औषधालय सम्बन्धी आवश्यक सज्जा" (Full)	43–"सामग्री एवं सम्पूर्ति" 39-"औषधि तथा रसायन" 40-"औषधालय सम्बन्धी आवश्यक सज्जा" नोट : राज्य के उद्देश्य शीर्ष 43–"सामग्री एवं सम्पूर्ति" में पुष्टाहार कार्यक्रम के अन्तर्गत वितरित की जाने वाली खाद्य सामग्री आदि पर व्यय का प्रावधान सी.ए.जी. कार्यालय द्वारा प्रेषित मानकीकृत उद्देश्य शीर्ष 23–"राशन की लागत" के अन्तर्गत करें ।

क्र. सं.	नया मानक मद (New Standard Object Heads)				वर्तमान मानक मद	मैप किये गये वर्तमान मानक मद	मैप किये गये मानक मदों पर महालेखाकार की टिप्पणी
20.	22–हथियार और गोला बारूद	इसमें पुलिस और अन्य अर्द्ध–स्थापनाओं पर हथियार और गोला–बारूद का राजस्व व्यय शामिल होगा ।	22- Arms and Ammunition	It will include revenue expenditure on Arms and Ammunitions on Police and other Para-establishments.			सन्दर्भित विवरण के अनुसार प्रयोग करें ।
21.	23–राशन की लागत	इसमें पुलिस, केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों, मध्याह्न भोजन, आई.सी.डी.एस., पी.एम. पोषण आदि के लिये राशन / आहार की खरीद पर व्यय शामिल होगा ।	23- Cost of Ration	It will include expenditure on procurement of ration / diet provided to police, central armed police forces, mid-day meal, ICDS, PM Poshan etc.	43–सामग्री एवं सम्पूर्ति	41–"भोजन व्यय" (Full) 43–"सामग्री एवं सम्पूर्ति" (Partial)	43–"सामग्री एवं सम्पूर्ति" 41–"भोजन व्यय" नोट : राज्य के उद्देश्य शीर्ष 43–"सामग्री एवं सम्पूर्ति" के विवरण में केवल पुष्टाहार कार्यक्रम के अन्तर्गत वितरित की जाने वाली खाद्य सामग्री आदि पर व्यय शामिल करें ।
22.	24–ईंधन और स्नेहक	इसमें पेट्रोल, तेल, स्नेहक तथा अन्य ईंधन जैसे सी.एन.जी., डीजल आदि पर व्यय शामिल होगा ।	24- Fuels and Lubricants	It will include expenditure on Petrol, Oil, Lubricants and other fuels like CNG, Diesel etc..	15–गाड़ियों का अनुरक्षण और पेट्रोल आदि की खरीद	08–"कार्यालय व्यय" (Partial) 15–"गाड़ियों का अनुरक्षण और पेट्रोल आदि की खरीद" (Partial)	15–"गाड़ियों का अनुरक्षण और पेट्रोल आदि की खरीद" 08–"कार्यालय व्यय" नोट : राज्य के उद्देश्य शीर्ष 15 के विवरण में केवल पेट्रोल आदि की खरीद के लिये प्रयोग करें एवं गाड़ियों का अनुरक्षण हेतु मानकीकृत उद्देश्य शीर्ष 29–"मरम्मत और रख–रखाव" का प्रयोग करें । राज्य के उद्देश्य शीर्ष 08–"कार्यालय व्यय" के विवरण में केवल जनरेटर के डीजल आदि पर व्यय शामिल करें ।

क्र. सं.	नया मानक मद (New Standard Object Heads)				वर्तमान मानक मद	मैप किये गये वर्तमान मानक मद	मैप किये गये मानक मदों पर महालेखाकार की टिप्पणी
23.	26–विज्ञापन और प्रचार	इसमें प्रिन्ट मीडिया, टी.वी. मीडिया, आडटडोर मीडिया या इन्टरनेट या मोबाइल नेटवर्क या अन्य दृश्य–श्रव्य प्रचार या मेले और प्रदर्शनी जैसे विभिन्न मीडिया के माध्यम से विज्ञापन और प्रचार पर प्रचार सामग्री की बिक्री और मुद्रण के लिये अभिकर्ताओं को कमीशन सहित व्यय शामिल होंगे ।	26- Advertising and Publicity	It will include expenses including commission to agents for sale and printing of publicity material on advertising and publicity through various media such as print media, TV media or outdoor media or Internet or mobile network or other audio-visual publicity or fairs and exhibition.	19–विज्ञापन, बिक्री और विख्यापन व्यय	19–"विज्ञापन, बिक्री और विख्यापन व्यय" (Full)	19–"विज्ञापन, बिक्री और विख्यापन व्यय"
24.	27–लघु सिविल और इलेक्ट्रिक कार्य	इसमें सी.पी.डब्ल्यू.डी. / स्टेट पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा रख–रखाव किये गये कार्यालय भवनों, आवासीय भवनों, अन्य भवनों के मामूली सिविल और बिजली के कार्यों की मरम्मत और रख–रखाव तथा डीजल जेनसेट, आदि के संचालन, कामकाज और रख–रखाव पर होने वाला व्यय शामिल होगा ।	27- Minor civil and electric Works	It will include expenditure on repairs and maintenance of minor civil and electrical works of office buildings, residential buildings, other buildings and expenditure on running, operation and maintenance (ROM) of diesel genset, etc., maintained by the Central PWD/State PWD.	25–लघु निर्माण कार्य 29-अनुरक्षण	25–"लघु निर्माण कार्य" (Full) 29-"अनुरक्षण" (Full)	25–"लघु निर्माण कार्य" 29-"अनुरक्षण"
